कार्यालय, प्रधानाचार्य एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी
पं. खुशीलाल शर्मा, शासकीय (स्वशासी) आयुर्वेद महाविद्यालय एवं संस्थान,
( साइन्स हिल्स, मैनिट के पीछे, कोलार–नेहरू नगर रोड, भोपाल 462 003)
Website: - www.klsgaci.edu.in
e - mail: - principal@klsgaci.edu.in
दूरभाष क्रं.–0755–2970310

क्रंमाक / क्रय / 2018 / 3923 भोपाल, दिनांक 20/3/18

प्रति,

संचालक महोदय
जनसम्पर्क संचालनालय
भोपाल

विषयः–विज्ञापन प्रकाशित करवाने बाबत् ।

–:00:–

उपरोक्त विषय में निवेदन है कि राज्य शासन आयुष विभाग के अन्तर्गत संचालित महाविद्यालय चिकित्सालय हेतु दीनदयाल अंत्योदय उपचार योजनान्तर्गत/पेंशनर्स हेतु औषधियों, **(2018–19 हेतु स्थानीय क्रय)**, सफाई कर्मियों हेतु निविदा आंमत्रण की 8 प्रतियां संलग्न कर आपकी ओर भेजी जा रही हैं।

कृपया निविदा आंमत्रण राज्य स्तर एवं राष्ट्रीय स्तर के कम से कम 01 से 02 समाचार पत्रों एवं इंडिया ट्रेड जनरल में प्रकाशित कर एक–एक प्रति इस कार्यालय को भेजने का कष्ट करें।

संलग्नः– विज्ञापन।

O/C

21 MAR 2018

(डॉ. उमेश शुक्ला)
प्रधानाचार्य/मुख्य कार्यपालन अधिकारी
पं. खुशीलाल शर्मा शासकीय आयुर्वेद
महाविद्यालय एवं संस्थान भोपाल
मो.नं. 9425373046

कार्यालय, प्रधानाचार्य एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी
पं. खुशीलाल शर्मा, शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय एवं संस्थान,
( साइन्स हिल्स, मैनिट के पीछे, कोलार–नेहरू नगर रोड, भोपाल 462 003)
Website: - www.klsgaci.edu.in
e - mail: - principal@klsgaci.edu.in दूरभाष क्रं.–0755–2910370

क्रंमाक / क्रय / 2018 / 2923 भोपाल, दिनांक 20/3/18

# निविदा सूचना

पं. खुशीलाल शर्मा शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय भोपाल द्वारा नीचे दर्शाये अनुसार वर्ष 2018–19 के लिये संबंधित फर्मो से सीलबन्द निविदायें आंमत्रित की जाती हैं:–

| क्रं. | निविदा का प्रकार | निविदा शुल्क | निविदा प्राप्त करने का अंतिम दिनांक एवं समय | निविदा जमा करने का अंतिम दिनांक एवं समय | निविदा खोलने का दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | राज्य शासन के पेंशनर्स एवं दीनदयाल अंत्योदय योजनान्तर्गत हितग्राहियों को निःशुल्क औषधि वितरण वर्ष 2018–19 हेतु स्थानीय क्रय | 1000.00 | 10.04.2018 दोपहर 12 बजे तक | 10.04.2018 दोपहर 01 बजे तक | 10.04.2018 दोपहर 02 बजे |
| 2 | संस्थान चिकित्सालय के लिये सफाई कर्मियों हेतु | 1000.00 | 11.04.2018 दोपहर 12 बजे तक | 11.04.2018 दोपहर 01 बजे तक | 11.04.2018 दोपहर 02 बजे |

विस्तृत विवरण एवं नियम शर्ते संस्थान बेवसाइट www.klsgaci.edu.in पर उपलब्ध है।

(डॉ. उमेश शुक्ला)
प्रधानाचार्य एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी
पं. खुशीलाल शर्मा शासकीय आयुर्वेद
महाविद्यालय एवं संस्थान भोपाल
मो.नं. 9425373046

## पं. खुशीलाल शर्मा शासकीय/स्वशासी आयुर्वेद महाविद्यालय एवं संस्थान भोपाल

## सफाई कर्मियो हेतु निविदा पत्र का प्रारूप

(तकनीकी निविदा लिफाफे में रखने हेतु)

| क्रं. | फर्म/संस्था का नाम | |
|---|---|---|
| 1 | फर्म/संस्था का नाम | |
| 2 | डायरेक्टर, प्रोप्राइटर का नाम | |
| 3 | पूर्ण पता एवं दूरभाष/मोबाइल फैक्स नं. | |
| 4 | सम्पर्क व्यक्ति का विवरण (नाम, पता, टेलीफोन/मोबाइल नं. एवं फैक्स नं.) | |
| 5 | संस्था का विवरण (क्या फर्म कम्पनी/प्रोप्राइटरशिप/पार्टनरशिप आदि हैं) | |
| 6 | आयकर पैन/रजिस्ट्रेशन नम्बर (फोटो प्रति संलग्न करें) | |
| 7 | सेवा कर रजिस्ट्रेशन नम्बर (फोटो प्रति संलग्न करें) | |
| 8 | वित्तीय स्थिति सर्टिफिकेट(बैंक प्रमाण पत्र) | |
| 9 | क्या फर्म कांन्ट्रेक्ट लेबर(रेग्यूलेशन एण्ड एब्यूलेशन) एक्ट के अन्तर्गत पंजीकृत एवं अनुज्ञाधारी है? (फोटो प्रति संलग्न करें) | |
| 10 | रीजनल प्राविडेंट फंड कार्यालय द्वारा आवंटित प्रोविडेंट फंड नम्बर((फोटो प्रति संलग्न करें) | |
| 11 | अनुभव/वर्तमान उपभोक्ता का विवरण(कृपया सरकारी/पब्लिक अण्डर टेकिंग का कार्य आदेश/सेवा प्रमाण पत्र सूची संलग्न करें) | |
| 12 | अन्य समानान्तर या प्रतिष्ठित फर्म जहां कार्य लिया हो की सूची मय प्रमाण पत्र | |
| 13 | फर्म के कुल स्टाफ/कर्मचारियों की संख्या | |
| 14 | धरोहर राशि का विवरण | |
| 15 | जीवित टिन नम्बर यदि आवंटित हो तो संलग्न करें | |

मैं/हम प्रमाणित करता/करते हैं कि मेरी/हमारी जानकारी के अनुसार उक्त दी गई सूचनाएं पूर्ण एवं सही हैं। मैं/हम जानता/जानते हूं/हैं कि उक्त दिये गये विवरण में कोई भी सूचना या विवरण गलत पाया जाता है तो सफाई कर्मी के अनुबंध को निरस्त किया जा सकता है एवं भविष्य में मुझे/हमें ब्लैक लिस्टेड किया जा सकता है।

**हस्ताक्षर मय तिथि**.........................................

**नाम**.................................................................

**फर्म का नाम**...................................................

**मोहर**...............................................................

कार्यालय, प्रधानाचार्य एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी
पं. खुशीलाल शर्मा, शासकीय (स्वशासी) आयुर्वेद महाविद्यालय एवं संस्थान,
( साइन्स हिल्स, मैनिट के पीछे, कोलार–नेहरू नगर रोड, भोपाल 462 003)
Website: - www.klsgaci.edu.in
e - mail: - principal@klsgaci.edu.in
दूरभाष क्रं.–0755–2970310

क्रं./क्रय/2018/ भोपाल, दिनांक

# सफाई कर्मियों हेतु निविदा प्रपत्र

## :: नियम एवं शर्ते ::

1. पं. खुशीलाल शर्मा शासकीय (स्वशासी) आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय हेतु सफाई कर्मी प्रथम एवं द्वितीय तल पर 06 सफाई कर्मी एवं 01 सुपर वाइजर हेतु मोहर बंद निविदायें आंमत्रित की जाती है।

2. ऐसी अपेक्षित मोहर बंद निविदायें **"कार्यालय प्रधानाचार्य, पं. खुशीलाल शर्मा शासकीय (स्वशासी) आयुर्वेद महाविद्यालय एवं संस्थान, विज्ञान पहाड़ी, मैनिट के पीछे, भोपाल (म.प्र.) 462003"** के कार्यालय में दिनांक 11.04.2018 दोपहर 12.00 बजे तक निविदा पेटी में अनिवार्य रूप से प्राप्त होना चाहिए। यह सुनिश्चित करना विडर्स का दायित्व है कि डाक या कोरियर या व्यक्तिगत तौर पर भेजी गयी उनकी विड प्रधानाचार्य पं. खुशीलाल शर्मा शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय भोपाल के कक्ष क्रमांक 01(A) की निविदा पेटी में निर्दिष्ट अंतिम तिथि व समय तक डाल दी जाये अन्यथा विड को लेट मानकर रद्द कर दिया जावेगा।

3. निविदा प्राप्त होने के बाद दिनांक 11.04.2018 को सांय 02.00 बजे निविदाकारों द्वारा निश्चित दिनांक तथा समय तक प्राप्त निविदाएं महाविद्यालय के काफ्रेंस हाल में खोली जावेगी। जिसमें निविदाकार या उनके प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं।

4. आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 11.04.2018 की दोपहर 12.00 बजे है तथा आवेदन तथा प्राइज बिड जमा करने की अंतिम तिथि 11.04.2018 की दोपहर 01.00 बजे तक है। निविदा दिनांक 11.04.2018 को समय दोपहर 02.00 बजे खोली जायेगी।

5. निविदा दस्तावेज कार्यालय प्रधानाचार्य से नगद राशि अथवा मनी आर्डर द्वारा प्रति सेट 1000.00 (एक हजार मात्र) रूपये भेजकर प्राप्त किये जा सकते है।

6. किसी न्यायालयीन प्रकरण में न्याय क्षेत्र भोपाल होगा।

7. अन्य कोई शर्त आवश्यकता पड़ने पर मान्य करना होगी।

8. सफाई कर्मियों एवं सुपर वाइजर का वेतन रूपये अंको एवं शब्दों में स्पष्ट रूप से फर्म के लेटर पैड पर ही मान्य होगी अंकों एवं शब्दों में अन्तर होने पर शब्दों में अंकित राशि मान्य होगी। दर का लिफाफा पृथक एवं अन्य दस्तावेजों जैसे डिमांड़ ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक, महाविद्यालय से प्राप्त रसीद की फोटोप्रति इत्यादि का लिफाफा पृथक से दें। समस्त प्रमाण पत्र समिति द्वारा मान्य करने पर ही **दर संबंधी लिफाफे को खोला जायेगा।**

9. प्रधानाचार्य द्वारा न्यूनतम दर पर प्राप्त हुई निविदा आदेश दिनांक से 03 दिवस के अन्दर सफाई कर्मी एवं सुपर वाइजर को कार्य हेतु उपस्थिति दर्ज करवाना अनिवार्य होगा इस हेतु आवश्यक अनुबन्ध करना होगा, अन्यथा आदेश स्वतः निरस्त माना जावेगा।

10. आवेदन के साथ रूपये–50000/–(रूपये पचास हजार मात्र) का बैंक ड्राफ्ट जो कि प्रधानाचार्य पं. खुशीलाल शर्मा शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय के नाम देय हो अर्निस्ट मनी के रूप में संलग्न करना होगा जो कि न्यूनतम दर पाये जाने वाली फर्म का रखा जावेगा शेष फर्मो को निविदा खुलने के पश्चात् वापस कर दिया जावेगा। सफाई कर्मियों अथवा सुपर वाइजर की व्यवस्था संतोष जनक नहीं पाये जाने पर अर्नेस्ट मनी राजसात कर ली जावेगी।

11. दर सील बंद लिफाफे में प्राप्त होना चाहिए, लिफाफे पर ———— से पृथक–पृथक **"दर आवेदन, सफाई कर्मी निविदा 2018–19** लिखना अनिवार्य होगा।

12. शासन दिशा निर्देशानुसार सफाई कर्मी हेतु टेक्स, प्रोविडेण्ट फण्ड आदि से संबंधित स्थितियों का स्पष्ट उल्लेख अवश्य करें।

13. कार्यालय कलेक्टर जिला भोपाल द्वारा निर्धारित जिलाध्यक्ष दर से सफाई कर्मियों का मानदेय कम नहीं होना चाहिये, दरें कम प्राप्त होने पर अमान्य कर दी जावेगी।

14. किसी भी विवाद की स्थिति में प्रधानाचार्य का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा इसका पालन करना होगा।

15. निविदा सील बन्द होना चाहिये, खुली निविदाएं स्वीकार मान्य नहीं होगीं।

16. यह निविदा आदेश दिनांक से 31 मार्च 2019 तक के लिये है, आवश्यकतानुसार नवीन शर्तों के साथ समायावधि बढाई जा सकती है।

17. फर्म के पास तीन वर्ष का आयकर रिटर्न भरा होना एवं फर्म का रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है। इस हेतु आवश्यक दस्तावेज निविदा के साथ ही जमा करें।

18. आवदेनकर्ता फर्म प्रदेश के किसी भी शासकीय संस्था से ब्लैक लिस्टेड नहीं होनी चाहिए। यदि बाद में जानकारी प्राप्त होती है, तो अर्नेस्ट मनी राजसात कर आपकी निविदा निरस्त कर दिया जावेगा।

19. निविदा प्रक्रिया में शामिल होने के लिए निविदाकर्ता एवं उनके प्रतिनिधि होने का अधिकृत पत्र प्रस्तुत करने पर ही उन्हे शामिल होने की अनुमति दी जायेगी।

20. जीवित गुमास्ता संबंधित कार्य का होना अनिवार्य है।

21. विड दस्तावेजों का आंमत्रण हस्तांतरणीय नहीं है।

22. निविदाकर्ता द्वारा संयुक्त रूप से न्यूनतम निविदा दर जिसमें प्रतिकर्मी एवं प्रति सुपरवाइजर के एक माह का वेतन, लगने वाले सर्विस चार्ज/प्रबंधन शुल्क (रूपयों में प्रदर्शित करते हुये) के आधार पर कांट्रेक्ट दिया जावेगा।

23 महाविद्यालय के संबंद्ध चिकित्सालय के प्रथम एवं द्वितीय तल के समस्त रूम, वार्ड, बाथरूम, वरान्डा, रेम्प, सीडी इत्यादि की पूर्ण रूप से सफाई कार्य सफाई कर्मियों द्वारा किया जाना है, जो कि निविदा भरने के पूर्व इच्छुक निविदाकर्ता द्वारा स्थल में उपस्थित होकर देखा जा सकता है एवं पर्याप्त आंकलन उपरान्त निविदा भरा जाना अपेक्षित है।

24. निविदाकर्ता यह सुनिश्चित करें कि उनके कर्मचारी अपनी ड्यूटी के दौरान यूनीफार्म में एवं संबंधित फर्म के बेज/बिल्ला लगा कर रहें।

25 निविदाकर्ता प्रत्यक्ष रूप से सीधे ही अपने कर्मचारियों की किसी प्रकार की ड्यूटी विवाद यथा दुर्घटना, बीमा क्लेम, लाभ, भत्ते आदि के लिए जिम्मेदार होगा एवं उनके द्वारा लगाये गये कर्मचारियों की असावधानी से कार्यालय के सामान की चोरी या टूट–फूट, किसी भी तरह के दुर्घटना आदि दावों की जिम्मेदारी निविदाकर्ता की होगी।

26 निविदाकर्ता अपने कर्मचारियों को मजदूरी/वेतन भत्ते या अन्य लाभों के भुगतान आदि जो राज्य सरकार के श्रम/लेबर विभाग अथवा अन्य जो भी एक्ट लागू हो के सभी विधि नियमों एवं नोटीफिकेशन एवं न्यूनतम मजदूरी अधिनियम 1948 अथवा जो भी अधिनियम लागू हों का पालन करने के लिये उत्तरदायी होगा।

27 निविदाकर्ता को अपने कर्मचारियों के बायोडाटा(फोटो सहित)जैसे नाम, पता, टेलीफोन, संख्या, आयु, एवं जाति आदि की सूची अपने पास रखनी होगी तथा इस कार्यालय में प्रस्तुत करना होगा।

28 निविदाकर्ता को विभिन्न लेबर एक्ट, नियम, कानून, नोटीफिकेशन आदि के तहत वांछित लाईसेंस/रजिस्ट्रेशन आदि लेने की स्वयं की जिम्मेदारी होगी।

29 निविदा कर्ता को भारत सरकार द्वारा लागू चिल्ड्रेन एक्ट का पूर्ण रूप से पालन करना होगा तथा कोई अव्यस्क/नाबालिग कर्मचारी को कार्य पर नहीं लगाया जायेगा।

30 हाउस कीपिंग के कार्यो को सम्पन्न करवाने हेतु उपयोग में लाये जाने वाली समस्त सफाई सामग्री इस कार्यालय द्वारा उपलब्ध करवाई जायेगी।

मैं/हम उक्त नियम एवं शर्तो से सहमत हूं/हैं:–

**हस्ताक्षर मय तिथि...............................**
**नाम :–................................................**
**फर्म का नाम :–..................................**
**..........................................................**
**मोहर :–............................................**